15.00 hrs.

Regarding fast onto death of Shri Umadhar Singh, M.L.A., Bihar demanding for opening of Ashok Paper Mill at Hayaghat, Darbhanga.

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, मार्क्सवादी विचारधारा के एम.एल.ए. उमाधर सिंह 18 तारीख से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। आज 8 दिन हो गये हैं और उनकी हालत चिंताजनक है। उनकी मांग है कि दरभंगा में हायाघाट अशोक पेपर मिल को चालू किया जाये। मजदूरों के सवाल पर जब सुप्रीम कोर्ट में मामला गया तो उद्योग विभाग ने गलत बयान दिया। इस वजह से सुप्रीम कोर्ट उलझन में पड़ गया।

सभापति महोदय : मंत्री जी को पत्र लिख दीजिएगा, वे इस मामले को देख लेंगे।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह : मंत्री जी को संवेदनशील होना चाहिए। वह कोई साधारण एम.एल.ए. नहीं हैं। उनको 50 लाख रुपया प्रलोभन दिया गया, लेकिन उन्होंने रुपया नहीं लिया। मार्क्सवादी विचारधारा के लोग अगर गांधीवाद का सहारा लें तो जितने भी गांधीवादी हैं उन्हें उनका समर्थन करना चाहिए। माननीय मंत्री जी आप इस विाय में क्या कहना चाहते हैं?

संचार मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : आपकी भावनाओं को संबंधित मंत्री महोदय तक पहुंचा दिया जायेगा।